Class - VII
Subject - HINDI

पाठ – 1 आ रही रवि की सवारी

अभ्यास

<u>मौखिक</u>

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. यह कविता किसने लिखी है?

उत्तर यह कविता हरिवंश राय बच्चन ने लिखी है।

ख. 'आ रही रवि की सवारी' का क्या अर्थ है?

उत्तर 'आ रही रवि की सवारी' का अर्थ है कि पूरी चमक दमक के साथ सूर्य का उदय हो रहा है।

ग. बादलों ने कैसी पोशाक पहनी है?

उत्तर बादलों ने सुनहरी पोशाक पहनी है।

घ. 'चाहता, उछलूँ विजय कह' – इस पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?

उत्तर 'चाहता, उछलूँ विजय कह' – इस पंक्ति में कवि यह कहना चाह रहा है कि रात की कालिमा सूर्य के तीखे प्रकाश के प्रहार से हार कर कहीं छुप जाती है – इसीलिए तो विजय का उल्लास है।

<u>लिखित</u>

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. इस कविता में कवि ने किसके आने की बात कही है और क्या सजा है?

उत्तर इस कविता में कवि ने बाल–सूर्य रवि की सवारी के आने की बात कही है और उसके स्वागत में सारा रास्ता फूलों से सजा है।

ख. 'कलि–कुसुम से पथ सजा है' – इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

उत्तर 'कलि–कुसुम से पथ सजा है' – इस पंक्ति का आशय यह है कि दिन के राजा का स्वागत रास्ते में फूलों को बिछा कर किया गया है।

ग. विहग और चारण कीर्ति–गायन गा रहे हैं, क्यों? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर जिस तरह किसी राजा के सम्मान में वन्दना करने वाले बन्दी चारण गण राजा के यशगान गाते हैं, उसी तरह दिन के राजा का गुणगान यशगान पक्षियाँ करती हैं।

घ. किसके आने पर कौन–सी फौज मैदान छोड़कर भाग रही है?

उत्तर बाल–सूर्य रवि के आगमन पर तारों की फौज मैदान छोड़ कर भाग रही है।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न रात का राजा भिखारी बनकर क्यों खड़ा है? कविता के आधार पर भाव स्पष्ट कीजिए।

उत्तर रात का राजा भिखारी बनकर खड़ा है – कविता के आधार पर इस पंक्ति का भाव यह है कि

रात में अपनी छटा बिखेरने वाला चन्द्रमा सूर्य की तीक्ष्णता के आगे विवश पड़ा है, मानो भिखारी बन गया हो। मानो रात का साम्राज्य खो गया है।

5. सही विकल्प के सामने शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए :–

क. कवि ने नवयुवकों को किसका सपूत कहा है?

प्रकृति आकाश धरती

उत्तर प्रकृति

ख. डाल–डाल पर बैठकर कौन गाता है?

विहग वायु पशु

उत्तर विहग

भाषा ज्ञान

1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

तारक – तारा, नक्षत्र

रवि – सूर्य, भानु

सेवक – दास, अनुचर

विहग – पंछी, खग

बादल – मेघ, जलद्

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

रात – दिन

नव – पुरातन

विजय – पराजय

राजा – प्रजा

5. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

विहग, बंदी और चारण
गा रहे हैं कीर्ति–गायन
छोड़कर मैदान भागी, तारकों की फ़ौज सारी
आ रहीं रवि की सवारी!

क. कीर्ति गायन कौन–कौन गा रहे हैं?

उत्तर कीर्ति गायन पक्षी, भाट–चारण और बन्दी–गण गा रहे हैं।

ख. मैदान छोड़कर कौन भागा?

उत्तर मैदान छोड़कर तारों की फौज भागी।

ग. कविता के अनुसार किसकी सवारी आ रही है?

उत्तर कविता के अनुसार दिन के राजा रवि की सवारी आ रही है।

घ. इस कविता के कवि का नाम बताइए।

उत्तर इस कविता के कवि का नाम हरिवंश राय बच्चन है।

6. निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

नव किरण का रथ सजा है
कलि–कुसुम से पथ सजा है,
बादलों से अनुचरों ने, स्वर्ण की पोशाक धारी
आ रही रवि की सवारी!

उत्तर निम्नलिखित पंक्तियों का भाव यह है कि सबेरा होने पर नयी–नयी किरणों के प्रभाव से सूर्य के काल–रथ का पहिया स्वर्णिम दिखायी देता है। दिन के राजा के स्वागत के लिए राह फूलों से सजा पड़ा है। बाल सूर्य के साथ साथ अनुचर (सेवक) के रूप में बादल भी सूर्य के प्रभाव में चमकदार हो गया है – मानो बादलों ने सोने की पोशाक धारण कर रखी हो। राजा रवि की सवारी के आने का यह असर है।